2025

HINDI — MINOR

Paper : MN-1

(Adikalin evam Madhyakalin Hindi Kavita)

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिंदी कविता)

1. किन्हीं ***तीन*** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।
सौंह करे भौहनि हँसे, देन कहे नटि जाय।
करौ कुबत जगु, कुटिलता, तजौं न, दीनदयाल।
दुखी होंहुगे सरल हिय, बसत, त्रिभंगी-लाल।

(ख) पानी बिच मीन पियासी।
मोहि सुनि सुनी आवत हाँसी।
आतम ज्ञान बिना सब सूना, क्या मथुरा क्या कासी।
घर में वस्तु धरी नाहिं सूझै, बाहर खोजन जासी।
मृग की नाभि माहिं कस्तुरी, बन-बन फिरत उदासी।
कहत कबीर सुनो भाई साधो, सहज मिले अविनासी।

(ग) रावरे रूप की रीति अनूप, नयो नयो लागत ज्यौं-ज्यौं निहारियै।
त्यौं इन आँखिन बानि अनोखी अघानि कहूँ नहिं आनि तिहारियै
एक ही जीव हुतौ सु तौ वार्यौ, सुजान, संकोच औ सोच सहारियै।
रोकौ रहै न, दहै घनआनंद बावरी रीझि के हाथन हारियै।।

(घ) ऊधौ मन न भये दस बीस।
एक हुतौ सो गयौ स्याम संग, को अवराधै ईस।।
इंद्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यौं देही बिनु सीस।
आसा लागि रहति तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस।।
तुम तौ सखा स्याम सुंदर के, सकल जोग के ईस।
सूर हमारैं नंदनंदन बिनु, और नहीं जगदीस।।

(ङ) ऐसो को उदार जग माहीं।
बिनु सेवा जो द्रवैं दीनपर राम सरिस कोउ नाहीं।।
जो गति जोग बिराग जतन करि नहिं पावत मुनिग्यानी।
सो गति देत गीध सबरी कहँ प्रभु न बहुत जिय जानी।।
सो संपति दस सीस अरप करि रावन सिव पहँ लीन्हीं।
जो संपदा बिभीषन कहँ अति सकुच-सहित हरि दीन्हीं।।
तुलसिदास सब भाँति सकल सुख जो चाहसि मन मेरो।
तौ भजुराम, काम सब पूरन करैं कृपानिधि तेरो।।

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) भूषण के काव्य में वीररस के वर्णन को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(ख) विद्यापति भक्त कवि हैं या श्रृंगारिक कवि युक्तियुक्त उत्तर दीजिए।

(ग) मीराबाई की विरह भावना पर प्रकाश डालिए।

(घ) सूरदास वात्सल्य रस के सम्राट हैं– इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ङ) रसखान की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) भूषण के किसी एक काव्यग्रंथ का नाम बताइए।

(ख) मैथिल कोकिल किस कवि को कहा जाता है?

(ग) विनय पत्रिका के रचयिता कौन हैं?

(घ) रसखान की काव्यभाषा का नाम लिखिए।

(ङ) सूरसागर किसकी रचना है?

(च) रहीम का पूरा नाम लिखिए।

(छ) पुष्टिमार्ग का 'जहाज' किसे कहा जाता है?

(ज) घनानंद की एक रचना का नाम लिखिए।

(झ) कीर्तिलता किसकी रचना है?